Herbal Research & Development Institute (HRDI)
जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान (एच0आर0डी0आई0)
Mandal-Gopeshwar, Chamoli, Uttarakhand - 246 401
मण्डल–गोपेश्वर, चमोली, उत्तराखण्ड – 246 401
Phone: 0001372-254210; Fax : 01372-254273 Website : hrdiuk.org Email : directorhrdiuk@gmail.com

# अल्पकालीन निविदा

जडी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल गोपेश्वर (चमोली) उत्तराखण्ड के दैनिक कार्यो के सम्पादनार्थ निम्न तालिका में अंकित वाहन को मासिक किराये/दैनिक किराये पर लेने हेतु वाहन स्वामियों से निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | वाहन का विवरण | वाहन मॉडल | निविदा फार्म मूल्य (रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रकाशन की तिथि | निविदा आमंत्रित की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **(मासिक किराये के आधार पर)** मारुति स्वीफ्ट (टैक्सी) मारुति डिजायर (टैक्सी), महिन्द्रा बोलेरो (टैक्सी) | 2024 पंजीकृत (2025 के मॉडल को वरियता) | 500.00 (अप्रतिदेय) | 30000.00 | 25.03.2025 | 08.04.2025 समय 02:00 बजे अपराह्न | 08.04.2025 समय 03:00 बजे अपराह्न |
| 2 | **(दैनिक किराये के आधार पर)** मारुति स्वीफ्ट (टैक्सी) मारुति डिजायर (टैक्सी), महिन्द्रा बोलेरो (टैक्सी) | 2024 या उसके पश्चात (2025 के मॉडल को वरियता) | 500.00 (अप्रतिदेय) | 30000.00 | 25.03.2025 | 08.04.2025 समय 02:00 बजे अपराह्न | 08.04.2025 समय 03:00 बजे अपराह्न |

**नोटः–**

1. निविदा प्रपत्र का निर्धारित शुल्क रु0 500.00 (रु0 पॉच सौ मात्र) बैंक ड्राफ्ट/आर.टी.जी.एस. एवं धरोहर राशि रु0 30000.00 (रु0 तीस हजार मात्र) जो FDR/TDR के रूप में निदेशक जडी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल गोपेश्वर (चमोली) के नाम बन्धक हो, निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य है।
2. बिना निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि के कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।
3. निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से निरस्त करने का अधिकार निदेशक जडी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल गोपेश्वर चमोली का होगा।
4. निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
5. निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण संस्थान की बैवसाइट www.hrdiuk.org पर देखी जा सकती है अथवा डाउनलोड की जा सकती है। इसके अतिरिक्त किसी भी कार्य दिवस को 10:00 बजे से 5:00 बजे तक निविदा प्रपत्र संस्थान कार्यालय मण्डल गोपेश्वर से प्राप्त की जा सकती है।
6. बैंकिग सेवा हेतु जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल, गोपेश्वर, चमोली के उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक, गोपेश्वर में बचत खाता सं0 4252047293 आई.एफ.सी.कोड. SBIN0RRUTGB संचालित है।

**निदेशक**

# टैक्नीकल बिड का प्रपत्र

(टैक्नीकल बिड को अलग लिफाफे में, जिसके ऊपर **''टैक्सी किराये हेतु टैक्नीकल बिड''** लिखा हो, प्रेषित किया जाय)

1. निविदा दाता/फर्म का नाम ....................................................................................................
2. पूर्ण पता ....................................................................................................................................

   ....................................................................................................................................................

   ....................................................................................................................................................
3. फोन/फैक्स/मो0 नं0/ई0मेल ..........................................................................................
4. पैन नं0 ........................................................जी0एस0टी0 संख्या ............................................
5. निविदा दाता का विगत वर्ष का टर्नओवर रू0 55.00 लाख से अधिक का प्रमाण ..................

   ....................................................................................................................................................

   ....................................................................................................................................
6. निविदादाता के नाम/फर्म के नाम या अनुबन्ध पर 7 व उससे अधिक वाहन हो, का विवरण (रजिस्ट्रेशन सहित)

| **क्रसं** | **वाहन की रजिस्ट्रशन संख्या** | **वाहन की रजिस्ट्रेशन तिथि** | **मॉडल/ वाहन का मेक** |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |
| 5 | | | |
| 6 | | | |
| 7 | | | |
| 8 | | | |
| 9 | | | |
| 10 | | | |

7. वाहन की औसत डीजल/पैट्रोल खपत प्रति लीटर निम्न वर्णित वाहनों का अलग से देना अनिवार्य हैः–

| **क्रसं** | **वाहन का नाम** | **औसत/ली0** |
|---|---|---|
| 1. | मारूति स्वीफ्ट डिजाइर | |
| 2. | मरुिति स्वीफ्ट | |
| 3. | महिद्रा बोलेरो | |

8. निविदादाता का प्रतिष्ठित संस्थाओं में किये गये कार्य का अनुभव (प्रमाण पत्र सहित) .........
...........................................................................................................................................
...........................................................................................................................................
..................

9. रू0 100/– के स्टाम्प पेपर पर notorized किया हुआ Affidavit कि सम्बन्धित फर्म को किसी भी राज्य/केन्द्र के सरकारी विभाग/संस्था द्वारा पिछले पांच वर्षो में ब्लैकलिस्ट न किया गया हो।

10. निविदा मूल्य रू0 500.00 (रु0 पॉच सौ मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट संख्या/आर.टी.जी.एस. संख्या..................................... एवं दिनांक ............................

11. निविदा की धरोहर धनराशि रू0 30,000.00 (रु0 तीस हजार मात्र) का टी.डी.आर./एफ.डी. आर. का विवरण जो निदेशक, जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल, गोपेश्वर, चमोली के नाम बन्धक हो।

12. फर्म स्वामी या फर्म सम्बन्धित तहसीलदार/जिलाधिकारी द्वारा निर्गत वैद्य चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा।

---

हस्ताक्षर निविदादाता/फर्म
नाम व पता

## निविदा की शर्तेः–

1. तकनीकी बिड जो www.hrdiuk.org में अपलोड की गयी है उसकी Hard Copy रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट सीलबन्द लिफाफों, जिन पर 1) "Technical Bid for Taxi Tender",), तथा जिस पर ''वाहन (टैक्सी) हेतु निविदा'' लिखा हुआ हो एवं निविदादाता का नाम, पता एवं दूरभाष संख्या अंकित हो, निविदा दिनॉक 08/04/2025 को अपरान्हः 2:00 बजे तक जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल, गापेश्वर में जमा की जायेगी।
2. निविदा निदेशक, जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल, गोपेश्वर द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्र पर दी जानी होगी, जिसके साथ निविदा के मूल्य रू0 500.00 (रु0 पॉच सौ मात्र) की धनराशि बैंक ड्राफ्ट, जो कि निदेशक, जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल, गोपेश्वर, चमोली के नाम अथवा संस्थान की नकदी रसीद के द्वारा किया गया हो, का साक्ष्य जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
3. निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में रू0 30000.00 (रु0 तीस हजार मात्र) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जो निदेशक, जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान के नाम बंधक हो तथा जिसकी वैद्यता तीन माह की हो, संलग्न करना आवश्यक होगा, जिस निविदादाता की निविदा प्रतिस्पर्धा में स्वीकृत नहीं होगी उसकी धरोहर राशि निविदा खुलने के उपरान्त वापस कर दी जायेगी।
4. प्रथम चरण में वाहन किरायें की दरें 31 मार्च, 2026 तक के लिए स्वीकृत की जायेंगी, जिसे आवश्यकतानुसार एवं अनुबन्ध के दौरान प्रदान की गई संतोषजनक सेवाओं के आधार पर अनुबन्ध अवधि को पारस्परिक सहमति से समान सेवा शर्तो एवं दरों पर अगले एक वर्ष हेतु भी विस्तारित किया जा सकता है। यदि फर्म द्वारा लगातार दो वर्षों तक संतोषजनक सेवायें प्रदान की गई है एवं पारस्परिक सहमति से तीसरे वर्ष के लिए भी सेवायें विस्तारित की जानी होगी तो उस फर्म की किराये की दरों में 05 प्रतिशत की वृद्धि पर विचार किया जा सकेगा।
5. निविदादाता को अपना पैन नं0 तथा जी0एस0टी नं0 तथा विगत वर्ष की आई0टी0आर0 की स्वसत्यापित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।
6. निविदादाता का विगत वर्ष का टर्नओवर कम से कम रू0 55.00 लाख होना आवश्यक है, जिसका स्वसत्यापित प्रमाण संलग्न किया जाय।
7. निविदादाता के नाम/फर्म के नाम या अनुबन्ध पर कम से कम 07 वाहन व उससे अधिक वाहन होने आवश्यक है, जिनका स्वसत्यापित प्रमाण संलग्न किया जाय।
8. निविदादाता को प्रतिष्ठित संस्थानों में कम से कम 10 वर्ष का कार्य अनुभव होना आवश्यक है, जिसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

9. ड्यूटी पर तैनात किये गये वाहन चालक का लाइसेन्स पर्वतीय एवं मैदानी दोनों क्षेत्रों में वाहन चलाने हेतु मान्य एवं न्यूनतम पांच वर्ष का ड्राईविंग अनुभव होना आवश्यक है तथा उसे व्यवहार, कुशल एवं अनुसाशित होना भी आवश्यक है।
10. फर्म/वाहन स्वामी द्वारा वाहन को अल्पसूचना पर तुरन्त उपलब्ध कराना होगा तथा मांग के अनुसार वाहन की सेवायें उत्तराखण्ड राज्य के भीतर एवं राज्य के बाहर कहीं भी ली जा सकती है तथा अर्न्तराज्य (Inter-state) टैक्स यदि कोई हो व देय नहीं होगा, जिस पर वाहन स्वामी/फर्म को कोई आपत्ति नहीं होगी।
11. यदि स्वीकृत निविदादाता द्वारा कार्य अवधि में वाहन उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो निदेशक, जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल, गोपेश्वर, चमोली को पूर्ण अधिकार होगा कि अन्य ट्रैवल्स एजेन्सियों से निविदा में स्वीकृत दरों पर वाहन किराये पर लेकर कार्य सम्पादित कर सकते है, ताकि संस्थान का कार्य प्रभावित न हो। इस स्थिति में अन्य ट्रेवल एजेन्सी को किया गया भुगतान फर्म के देयक से काटा जायेगा।
12. निविदायें निर्धारित तिथि दिनांक 08/04/2025 के अपरान्ह 02:00 बजे तक संस्थान मुख्यालय मण्डल में जमा की जा जायेगी, प्राप्त निविदायें दिनांक 08/04/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे गठित क्रय समिति द्वारा निविदा दाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के सम्मुख खोली जायेगी।
13. चालक का मानदेय, वाहन का रख–रखाव एवं वाहन की आपूर्ति से सम्बन्धित अन्य प्रकार के आवश्यक व्यय, यदि कोई हो, को फर्म द्वारा वहन करना होगा। चालक का कार्य व व्यवहार शिष्ट होना चाहिए। वाहन चलाते समय मादक पदार्थ, शराब, धूम्रपान, तम्बाकू का उपयोग तथा मोबाइल उपयोग करने की अनुमति नही होगी। वाहन चालक को अनिवार्य रूप से मोबाइल फोन रखना होगा, जो 24 घण्टे चालू हालत में रहेगा और जिसका रख–रखाव का उत्तरदायित्व फर्म का होगा।
14. वाहन चालक को ड्यूटी अवधि में परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी धारण करनी होगी, जो फर्म द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।
15. यात्रा के समय वाहन के खराब होने पर दूसरे वाहन की व्यवस्था तत्काल निविदादाता/फर्म को करनी होगी। विभाग द्वारा व्यवस्था करने पर किराये पर लिए गये वाहन का पूर्ण भुगतान फर्म को करना होगा, यदि बिल भुगतान नहीं किया जायेगा तो भुगतान की धनराशि फर्म के देयकों/जमानत धनराशि से समायोजित की जायेगी।
16. निविदादाता एक रजिस्टर्ड फर्म हो, जो पिछले 5 वर्ष से अधिक समय से उत्तराखण्ड में कार्यरत हो एवं जिसका कार्यालय देहरादून/गोपेश्वर शहर में स्थित हो तथा जिसके पास अपने स्वयं के नाम/फर्म के नाम या अनुबन्ध पर कम से कम 07 वाहन व उससे अधिक वाहन हों।

17. प्रत्येक वाहन का पृथक रूप से ईधन खपत औसत का उल्लेख निविदा में करना आवश्यक है।
18. किसी भी विवाद की स्थिति में निदेशक, जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल, चमोली का निर्णय अन्तिम होगा।
19. जिस निविदादाता की दरें स्वीकृत की जायेंगी, उसे रु0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर निविदा की शर्तों के अनुसार अनुबन्ध करना होगा तथा जमानत राशि के रूप में रु0 1,00,000.00 (रु0 एक लाख मात्र) की धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ.डी.आर./टी.डी.आर. के रूप में, जो निदेशक, जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल, चमोली के नाम बंधक हो, जमा करनी होगी, जिसे कार्य अवधि की समाप्ति के उपरान्त वापस किया जायेगा।
20. यदि अवकाश के दिन वाहन की आवश्यकता होती है तो सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार वाहन उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
21. निदेशक, जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल, चमोली को अधिकार होगा कि वह किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर सकते है।
22. फर्म द्वारा रू0 100/–के स्टाम्प पेपर पर notary द्वारा प्रमाणित किया गया हो कि फर्म पिछले 5 वर्षों में सरकारी विभाग/सी.एस.आई.आर. संस्था में पिछले पांच सालों में ब्लैकलिस्ट न की गयी हो।
23. सभी वाहनों में पंजीकृत फास्टटैग लगा होना आवश्यक है। टोल टैक्स हेतु किये गये भुगतान का विवरण, यथा दिनांक, स्थान व भुगतान किए गये टैक्स की राशि उपलब्ध कराना आवश्यक है अन्यथा उस राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।
24. ड्यूटी पर तैनात किए जाने वाला वाहन उचित गुणवत्ता वाला होना चाहिए। वाहन के टायर, बैट्री, हैडलाईट, ब्रैक, इंडिकेटर, वाईपर, शीशा, दरवाजे एवं अन्य समस्त एसेसरीज उचित एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता के होने चाहिए। वाहन के सभी दरवाजों में पावर विन्डों होने चाहिए। वाहन की आन्तरिक साज–सज्जा यथा सीट कवर, तौलिया, सीट बीड्स, फुटमैट आदि उत्कृष्ट क्वालिटी का होना चाहिए।
25. उपलब्ध कराये जाने वाला वाहन मोटरयान अधिनियम 1988 के अन्तर्गत ऑल इंडिया परमिट से आच्छादित होना चाहिए। किसी अप्रिय घटना की स्थिति में किसी प्रकार के चिकित्सा, बीमा मुआवजा एवं अन्य विधिक आवश्यकताओं का अनुपालन सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता द्वारा किया जायेगा।
26. वाहन जिस अधिकारी के साथ चल रहा है, उस अधिकारी के कार्य सम्पन्न होने तक की समय–सीमा, की सुविधा एवं आवश्यकतानुसार ड्राईवर को ड्यूटी करनी होगी। ड्राइवर द्वारा जल्दी चलने हेतु अधिकारी/कर्मचारी पर दबाव बनाने की स्थिति में उस दिन की ड्यूटी

को शून्य माना जायेगा तथा ड्राइवर द्वारा अधिकारी/कर्मचारी से सौम्य व्यवहार करना होगा। किसी भी चालक द्वारा संस्थान स्टाफ/अतिथि से बहस अथवा दुर्व्यवहार नही किया जायेगा। ऐसा करने पर वाहन स्वामी पर पैनाल्टी लगायी जायेगी।

27. फर्म द्वारा अनुभवी एवं व्यवहार कुशल चालक को ड्यूटी पर तैनात करना होगा तथा गाड़ी पर एक ही ड्राइवर लगातार चलेगा, रोज–रोज बदला नही जायेगा।
28. संस्थान द्वारा मासिक अनुबन्धित वाहन को संस्थान कार्यो के सम्पादन हेतु मुख्यालय मण्डल गोपेश्वर के अलावा अन्य कहीं भी भेजा जायेगा। उस दशा में रात्रि 8.30 बजे के पश्चात रात्रि चार्ज देय होगा।
29. रविवार अथवा किसी भी अवकाश में भी गाड़ी की ड्यूटी रहेगी, गाड़ी का किसी प्रकार का ऑफ नही होगा। चालक को छुट्टी देने की स्थिति में कार्य करने हेतु अन्य व्यवहार कुशल ट्रेन्ड चालक की ड्यूटी लगानी अनिवार्य है।
30. जो टैक्निकल बिड मूल शर्तों के अनुरूप होंगी, उन्हीं निविदाओं पर विचार किया जायेगा, अन्यथा निविदायें निरस्त मानी जायेंगी।
31. समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र, गोपेश्वर, चमोली होगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर
नाम एवं पता मुहर सहित

**खण्ड–(ग)–Price Bid/मूल्य सारणी (सूची) (मूल्य प्रस्तुत/इंगित करने के प्रयोगार्थ)**

## PROFORMA FOR PRICE SCHEDULE

**कार्य का नामः–** जड़ी–बूटी शोध एवं विकास सस्थान मण्डल के कार्यो हेतु Hire Basis पर (मासिक एवं दैनिक किराये के आधार पर) मारुति स्वीफ्ट (टैक्सी), मारुति डिजायर (टैक्सी), एवं महिन्द्रा बोलेरो (टैक्सी) वाहन की व्यवस्था।

मै/हम इसके द्वारा जडी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान मण्डल–गोपेश्वर (चमोली) हेतु Hire Basis पर (मासिक एवं दैनिक किराये के आधार पर) मारुति स्वीफ्ट (टैक्सी), मारुति डिजायर (टैक्सी), एवं महिन्द्रा बोलेरो (टैक्सी) की व्यवस्था करने के लिए निविदा निस्पादित करता हूँ/करती हूँ।

मैने/हमने धरोहर की धनराशि रु0 30,,000.00 (रु0 तीस हजार मात्र) FDR/CDR/NSC No.............. ..........................................जो कि निदेशक, जडी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल–गोपेश्वर के नाम देय है। FDR/CDR/NSC No के रूप में संलग्न किया है।

मैं/हम निविदा स्वीकार कर लिए जाने पर निदेशक, जडी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल–गोपेश्वर द्वारा उनके बुलाए जाने पर उनके द्वारा अनुबन्ध हेतु निर्धारित तिथि तक यदि कार्य/प्रारूप को संविदा/अनुबन्ध को हस्ताक्षर/निस्पादित करने में असमर्थ रहता हूँ/रहते हूँ/हैं, जिसका कि मैने/हमने निविदा में आहूत सूचना में विर्निदिष्ट समय में भीतर निरीक्षण किया था तो मेरे/हमारे द्वार अग्रिम धन को उत्तराखण्ड के राज्यपाल की ओर से निदेशक, जडी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान, मण्डल–गोपेश्वर जब्त कर लेंगें।

मैं/हम उक्त कार्य के लिए निम्नानुसार दरें प्रस्तुत करता हूँ/करते हैंः–

| **क्रं0 सं0** | **वाहन** | **मॉडल** | **डीजल/पैट्रोल** | **वाहन का औसत प्रति लीटर (किमी0 में)** | **दरें प्रतिमाह ( रू0 में) बिना POL के** | **दरें प्रतिमाह (रू0 में) POL सहित** | **अन्य विवरण** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **(मासिक किराये के आधार पर)** मारुति स्वीफ्ट (टैक्सी) मारुति डिजायर (टैक्सी), महिन्द्रा बोलेरो (टैक्सी) | | | | | | |
| 2 | **मासिक किराये के आधार पर)** मारुति स्वीफ्ट (टैक्सी) मारुति डिजायर (टैक्सी), महिन्द्रा बोलेरो (टैक्सी) | | | | | | |

निविदादाता का हस्ताक्षर

नाम–

पता–

फोन नं0–